दिन– गुरुवार दिनांक– 21/11/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज गया से तीन हजार सात सौ करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली छह सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

02. अगले वर्ष होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन बिहार में होगा। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने की घोषणा।

03. राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म **वेव्स** लॉन्च किया।

04. और, प्रदेश में वायु प्रदूषण के स्तर में लगातार हो रही है बढ़ोतरी। हाजीपुर की हवा देशभर में दिल्ली के बाद सबसे अधिक प्रदूषित रही।

---

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज एक दिवसीय दौरे पर गया आ रहे हैं। श्री गडकरी तीन हजार सात सौ करोड़ रूपये से अधिक की लागत से मंत्रालय की छह परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

बोधगया के दोमुंहान में आयोजित कार्यक्रम से केन्द्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री छह सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। जिन परियोजनाओं को लोकार्पण होगा, उसमें बख्तियारपुर–रजौली राष्ट्रीय राजमार्ग के हसनपुर से बख्तियारपुर तक फोर लेन की सड़क और नालंदा जिले में देवीसराय और बड़ी मठ में लघु पुल समेत अन्य तीन स्थानों पर पुलिया शामिल हैं। वहीं, श्री गडकरी बख्तियारपुर–रजौली राष्ट्रीय राजमार्ग के रजौली से हरदिया तक की फोर लेन सड़क का शिलान्यास करेंगे। नवादा शहर में वारिसलीगंज–नवादा रेलखंड पर आरओबी, चाकंद–गया शहर– दोमुंहान फोर लेन सड़क चौड़ीकरण तथा मुथेर–जहानाबाद शहर– गोलबगीचा फोर लेन सड़क चौड़ीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया जायेगा। इन परियोजनाओं से नवादा, गया और जहानाबाद शहर के अन्दर ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी। साथ ही कनेक्टिविटी बेहतर होगी। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा राज्य सरकार के मंत्री प्रेम कुमार और श्रवण कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए गया से धर्मवीर भारती।

---

भारत ने एशियाई महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी जीत ली है। राजगीर में खेले गए फाईनल मुकाबले में भारत ने चीन को एक–शून्य से हराया। भारत की ओर से दीपिका ने इकतीसवें मिनट में पेनाल्टी कॉर्नर से निर्णायक गोल किया। फाइनल मुकाबले को लेकर भारतीय प्रशंसकों में उत्साह चरम पर दिखा। स्टेडियम में मौजूद भारतीय

प्रशंसकों ने इंडिया–इंडिया की गूंज के साथ भारतीय टीम का उत्साह बढ़ाया। भारतीय टीम की स्ट्राईकर दीपिका को टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। दीपिका ने चैंपियंस ट्रॉफी के आठ मैचों में सबसे ज्यादा ग्यारह गोल किये। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारतीय टीम को विजेता ट्रॉफी प्रदान की।

———————————————————————————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड और राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने भारतीय हॉकी टीम को जीत की बधाई दी है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी महिला हॉकी टीम को खिताबी जीत की बधाई दी है।

———————————————————————————

राज्य सरकार ने महिला हॉकी टीम में शामिल खिलाड़ियों और कोच को दस–दस लाख रूपये देने की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह जानकारी दी। श्री कुमार ने कहा कि टीम के सपोर्ट स्टाफ को भी पांच–पांच लाख रूपये दिये जायेंगे।

———————————————————————————

केन्द्रीय खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने अगले वर्ष होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन बिहार में कराने की घोषणा की। कल राजगीर में संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांडविया ने महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के सफल आयोजन के लिए बिहार सरकार को धन्यवाद दिया।

———बाईट———

———————————————————————————

भारतीय विमाननपत्तन प्राधिकरण ने पूर्णियां हवाई अड्डे के निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया है। यह अंतरिम टर्मिनल टेंडर आवंटित होने के बाद चार महीने में बनकर तैयार हो जायेगा। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूर्णियां हवाई अड्डे पर बनने वाले अंतरिम टर्मिनल का डिजाईन तैयार हो गया है। इसकी चहारदीवारी के निर्माण के लिए कल प्राधिकरण और भवन निर्माण विभाग के बीच समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किये गये।

———————————————————————————

पटना मेट्रो निर्माण कार्य स्थल पर पिछले दिनों दो मजदूरों की मौत के मामले में जांच समिति ने जिला प्रशासन को अपनी रिपोर्ट सौंप दी है। इस रिपोर्ट के अनुसार श्रमिक सुरक्षा मानक संचालन प्रक्रिया के उल्लंघन के चलते दुर्घटना हुई थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्य के दौरान अन्तरराज्यीय प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा और कल्याण

कानून का उल्लंघन हो रहा था। रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी ने नगर विकास और आवास विभाग के सचिव को पत्र लिखकर दुर्घटना के लिए जिम्मेदार अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की अनुशंसा की है।

————————————————————————————

राज्य के चार शहरों मुजफ्फरपुर, भागलपुर, दरभंगा और गया में मेट्रो रेल की सम्भावना तलाशने को लेकर चल रहे सर्वे की रिपोर्ट अब दिसम्बर महीने में आयेगी। सर्वे कर रही एजेंसी राइट्स लिमिटेड ने इसके लिए नगर विकास विभाग से एक महीने का अतिरिक्त समय मांगा है। विभाग ने एजेंसी की मांग स्वीकार कर ली है।

————————————————————————————

बिहार रेजिमेंटल सेन्टर, दानापुर ने प्रादेशिक सेना में भर्ती के लिए संशोधित कार्यक्रम जारी कर दिया है। उत्तर प्रदेश के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती छब्बीस नवम्बर से एक दिसम्बर तक और बिहार के अभ्यर्थियों के लिए दो से सात दिसम्बर तक जिलावार रैली का आयोजन किया जायेगा।

————————————————————————————

बालू के अवैध खनन और भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में औरंगाबाद के पूर्व पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार पोरिका को क्लीनचिट दे दी गयी है। गृह विभाग ने उनके खिलाफ चल रही विभागीय कार्यवाही समाप्त कर दी है। साथ ही निलंबन अवधि का पूरा वेतन और भत्ता भी देने का आदेश दिया है। गौरतलब है कि आर्थिक अपराध इकाई की रिपोर्ट के बाद वर्ष दो हजार इक्कीस में सुधीर कुमार पोरिका को निलंबित कर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू की गयी थी।

————————————————————————————

राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म वेव्स लॉन्च किया है। गोवा में कल 55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी के उद्घाटन समारोह में इसका अनावरण किया गया। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि वेव्स अन्य ओटीटी प्लेटफॉर्म की तुलना में अनूठा है। वेव्स बारह से अधिक भाषाओं और दस से अधिक शैलियों में निर्मित कार्यक्रमों के साथ सभी दर्शकों को सेवाएं प्रदान करेगा। वेव्स अयोध्या से सीधे प्रभु श्रीराम लला आरती और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक कार्यक्रम मन की बात जैसे कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण भी करेगा।

————————————————————————————

पछुआ हवा के प्रभाव से प्रदेशभर का मौसम शुष्क बना हुआ है। राज्य के उत्तरी हिस्सों में सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाया रहा। वहीं, राजधानी पटना समेत अन्य जिलों में हल्की धुंध की स्थिति बनी रही। मौसम पूर्वानुमान में कहा

गया है कि राज्य में पश्चिमी विक्षोभ पच्चीस नवम्बर से सक्रिय होगा, जिससे न्यूनतम तापमान में गिरावट आयेगी।

———————————————————————————

प्रदेश में वायु प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ता जा रहा है। कल हाजीपुर की हवा देशभर में दिल्ली के बाद सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां का वायु गुणवत्ता सूचकांक चार सौ बाईस दर्ज किया गया। राजधानी पटना समेत कई जिलों में भी वायु प्रदूषण का स्तर घातक श्रेणी में पहुंच चुका है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अध्यक्ष डी.के. शुक्ला ने बताया कि हाजीपुर में कचरा जलाने के कारण वायु प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है।

———————————————————————————

केन्द्रीय जीएसटी की टीम ने पटना में दो जगहों पर छापेमारी कर साठ करोड़ रूपये से अधिक जीएसटी चोरी का मामला उजागर किया है। इस दौरान टीम को कई कागजात और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य भी मिले हैं।

———————————————————————————

सक्षमता परीक्षा पास नियोजित शिक्षकों की काउंसिलिंग प्रक्रिया आज से शुरू हो रही है। इस काउंसिलिंग में वैसे अभ्यर्थी शामिल होंगे, जो किसी कारणवश पहले चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सके थे।

———————————————————————————

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, सीबीएसई ने दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। दसवीं की परीक्षा पन्द्रह फरवरी से शुरू होकर अठारह मार्च तक और बारहवीं की परीक्षा पन्द्रह फरवरी से शुरू होकर चार अप्रैल तक चलेगी।

———————————————————————————

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने दिसम्बर सत्र के यूजीसी, नेट के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अभ्यर्थी दस दिसम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा एक जनवरी से आयोजित की जायेगी।

———————————————————————————

राज्य के छह और पैक्स का चुनाव स्थगित कर दिया गया है। बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार ने मुजफ्फपुर के दो और गया, बांका, रोहतास तथा कैमूर जिले के एक–एक पैक्स का निर्वाचन स्थगित किये जाने के संबंध में आदेश जारी किया है। अब तक बासठ पैक्स का चुनाव स्थगित किया जा चुका है। इधर, पांचवें चरण के पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन का आज अंतिम दिन है। इस चरण के लिए मतदान तीन दिसम्बर को होगा। वहीं, पहले चरण का मतदान छब्बीस नवम्बर को होना है।

———————————————————————————————

राज्य के सभी जिलों में एक साथ चले विशेष सुरक्षा जांच अभियान के तहत पुलिस ने पांच सौ इकतालीस लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक सौ अट्ठाईस गाड़िया भी जब्त की गयी हैं।

———————————————————————————————

पटना जिले के धनरूआ प्रखंड के नदवां गांव में खेत में पराली जलाने के आरोप में दो किसानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

———————————————————————————————

गया पुलिस ने ग्यारह वर्ष पुराने सुमरिक हत्याकांड मामले में आरोपी विवेक कुमार को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी अतरी के राजद विधायक अजय कुमार का भाई है।

———————————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के रीगा थाना क्षेत्र के रमनगरा में अपराधियों ने कचौर पंचायत के मुखिया की गोली मारकर हत्या कर दी।

———————————————————————————————

नवादा जिले के वारिसलीगंज में एसआईटी ने छापेमारी कर पांच साईबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। ये सभी लोन दिलाने के नाम पर लोगों को ठगते थे।

———————————————————————————————

सीतामढ़ी पुलिस की एक विशेष टीम ने कुख्यात अपराधी विकास झा गिरोह के दो शूटर समेत पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं।

———————————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने एशियन महिला हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी के फाईनल मुकाबले में भारतीय टीम की जीत से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– महिला हॉकी, भारत तीसरी बार विजेता।

दैनिक जागरण ने इसी खबर को सुर्खी बनाते हुये लिखा है– भारत की चैंपियन बेटियां राजगीर में चीन को एक–शून्य से पराजित कर बनीं विजेता।

प्रभात खबर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– जहां हैं, वहीं पढ़ाते रहेंगे सक्षमता परीक्षा पास शिक्षक।

दैनिक भास्कर ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– पंजाब में बिहारी मजदूरों के साथ तालिबानी सलूक, सीतामढ़ी के बीस किशोर समेत बत्तीस लोग कपूरथला में बने हुये हैं बंधक।

राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– एग्जिट पोल, महाराष्ट्र और झारखंड में भाजपा आगे।

आज अखबार की सुर्खी है– पटना की हवा हुई दिल्ली जैसी, सांस लेने में हो रही है, दिक्कत।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.........

01. केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी आज गया से तीन हजार सात सौ करोड़ रूपये से अधिक की लागत वाली छह सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे।

02. अगले वर्ष होने वाले खेलो इंडिया यूथ गेम्स का आयोजन बिहार में होगा। केन्द्रीय खेल मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने की घोषणा।

03. राष्ट्रीय लोक प्रसारक प्रसार भारती ने अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म **वेव्स** लॉन्च किया।

04. और, प्रदेश में वायु प्रदूषण के स्तर में लगातार हो रही है बढ़ोतरी। हाजीपुर की हवा देशभर में दिल्ली के बाद सबसे अधिक प्रदूषित रही।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।